प्रादेशिक समाचार
दिनांक–04.11.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज झारखंड में चुनावी अभियान की करेंगे शुरुआत, गढ़वा और चाईबासा में रैलियों को करेंगे संबोधित।
- श्री मोदी ने झारखंड की रोटी, बेटी और माटी की सुरक्षा की जताई प्रतिबद्धता, संकल्प पत्र की सराहना करते हुए कहा– एक नई उम्मीद के साथ भाजपा जनता के बीच।
- संकल्प पत्र में भाजपा ने कहा –झारखंड में लागू होगी समान नागरिक संहिता, इससे बाहर रहेंगे आदिवासी।
- इंडी गठबंधन का भी चुनाव प्रचार हुआ तेज, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की आज चाईबासा, पलामू समेत कई क्षेत्रों में जन सभा, कल रांची आएंगे मल्लिकार्जुन खड़गे।
- राज्य में होम वोटिंग के माध्यम से 80 प्लस आयुवर्ग और दिव्यांग मतदाताओं के मतदान की प्रक्रिया शुरु।

**************

प्रधानमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नरेंद्र मोदी आज झारखंड में दो चुनावी रैलियों को संबोधित करेंगे। वे राज्य़ में विधानसभा चुनाव के सिलसिले में भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के प्रत्याशियों के लिये समर्थन मांगेंगे। झारखंड के प्रदेश भाजपा अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि प्रधानमंत्री सुबह 11 बजकर 30 मिनट के आसपास गढ़वा में पहली जनसभा को संबोधित करेंगे और 3 बजे दिन में चाईबासा में उनकी दूसरी जनसभा होगी। झारखंड में चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के बाद प्रधानमंत्री की ये पहली चुनावी रैलियां होंगी। राज्य में 13 और 20 नवंबर को दो चरणों में मतदान कराए जाएंगे।

**************

झारखंड के भाजपा चुनाव सह–प्रभारी और असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा है कि 15 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संथाल परगना आएंगे और दो जनसभा को संबोधित करेंगे। उन्होंने देवघर में पार्टी नेताओं के साथ इस बारे में चर्चा की।
संवाददाताओं से बातचीत में श्री सरमा ने घुसपैठियों के खिलाफ बोलने पर विपक्ष की ओर से शिकायत दर्ज कराने पर भी अपनी प्रतिक्रिया दी।

**************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड की रोटी, बेटी और माटी की सुरक्षा की प्रतिबद्धता जताई है। विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा के 25 संकल्प पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आज हम एक नई उम्मीद के साथ झारखंड की जनता–जनार्दन के बीच हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने लिखा कि हमारा संकल्प–पत्र आदिवासी भाई–बहनों के सम्मान के साथ–साथ विकास, युवाओं को रोजगार और राज्य की नारी शक्ति को सशक्त बनाने वाला है।

**************

झारखंड विधानसभा चुनाव के राजनीतिक परिदृश्य पर आकाशवाणी समाचार की विशेष श्रृखंला मं आज बात होगी पश्चिमी सिहंभूम जिले के उन विधानसभा क्षेत्रों की जहां पहले चरण में 13 नवंबर को मतदान होना है।

**************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।
***************

विधानसभा चुनाव को लेकर इंडी गठबंधन ने भी प्रचार तेज कर दिया है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के स्टार प्रचारक और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज चाईबासा, पलामू, प. सिंहभूम, सिमडेगा और गुमला में चुनावी सभाएं करेंगे। मुख्यमंत्री ने कल झारखंड मुक्ति मोर्चा से रांची की प्रत्याशी महुआ माजी के लिए रोड शो कर चुनाव प्रचार किया। उन्होंने विकास कार्यों के बल पर महागठबंधन की जीत का दावा किया। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे कल एक दिवसीय दौरे पर रांची आएंगे।

***************

झारखंड मुक्ति मोर्चा की स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन और सांसद पप्पू यादव ने कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. अजय कुमार और बन्ना गुप्ता के लिए जमशेदपुर में रोड शो किया। और महागठबंधन के प्रत्याशियों के पक्ष में वोट देने की अपील की। इस दौरान संवाददाताओं से बात करते हुए कल्पना सोरेन ने कहा कि गरीबों को उनका हक दिलाना महागठबंधन सरकार की प्राथमिकता है।

***************

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि 13 नवंबर को होने वाले पहले चरण के मतदान की तैयारियां अंतिम दौर में है। उन्होंने कहा कि फिलहाल पोस्टल बैलेट से मतदान की प्रक्रिया जारी है।

***************

गुमला जिले के लगभग पंद्रह हज़ार प्रवासी मजदूरों को आगामी 13 नवम्बर को होने वाले विधानसभा चुनाव में भाग लेने के लिए जिला स्वीप कोषांग द्वारा विशेष आमंत्रण भेजा जा रहा है।

***************

अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी अखबारों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के झारखंड दौरे के साथ तमाम राजनीतिक दलों के चुनावी प्रचार की खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक भास्कर लिखता है– दिग्गजों का दौरा, पीएम की आज गढ़वा और चाईबासा में सभा।

हिन्दुस्तान ने लिखा है– खरगे की सभा कल , मांडू और कांके में सभी तैयारियां पूरी।

दैनिक जागरण के पहले पन्ने की खबर है– गृह मंत्री ने जारी किया भाजपा का संकल्प पत्र, कहा– आदिवासी पर नहीं लागू होगा यूसीसी, वापस दिलायेंगे आदिवासी बेटियों की जमीन।

प्रभात खबर की सुर्खी है– मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भाजपा पर साधा निशाना, कहा यहां एनआरसी, यूसीसी नहीं, सिर्फ सीएनटी– एसपीटी रहेगा।

*****************